कार्यालय प्राचार्य
सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग)
Email: rcscollege1964@gmail.com, Phone: 0788-2322457

दुर्ग, दिनांक **28.08.2021**

प्रेस विज्ञप्ति

बैंकिंग और इंश्योरेन्स क्षेत्र में रोजगार विषय पर वेबीनार का आयोजन

दुर्ग. सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग में प्लेसमेंट सेल द्वारा बैंकिंग और इंश्योरेन्स क्षेत्र में रोजगार विषय पर वेबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता श्री सुकृत भूषण डायरेक्टर एस.एस.बी. इंस्टीट्यूट थे। उन्होंने एस.बी.आई. और आर.बी.आई. में रिक्त पदो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किस प्रकार आप इसकी तैयारी कर सकते हैं। विस्तार से मार्ग दर्शन देते हुए समस्त आवश्यक जानकारियों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह बहुत अच्छा अवसर है कि आप इस वेबीनार के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित जानकारियां आपको प्राप्त हो रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री डी. आर. भावनानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक डॉ. ए. के. पाण्डेय ने किया एंव श्रीमती पवनदीप कौर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्राचार्य
Principal
Seth R.C.S. Arts & Comm.
College Durg (C.G.)

प्रति
ब्यूरो प्रमुख
दैनिक ....
में सादर प्रकाशनार्थ प्रेषित।